RPSC वरिष्ठ अध्यापक पेपर I (सामान्य ज्ञान) 2022 (सेट A)

100 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

__ पर चित्रित पिछवाई नाथद्वारा चित्रकला शैली का सजीव उदाहरण है।

(A) चमड़ा
(B) कागज
(C) कपड़ा ✓
(D) लकड़ी

Q.2

मोर बांधिया, पहरावणा और ताणना नामक तीन प्रकार के विवाह किस जनजाति में प्रचलित हैं?

(A) भील
(B) सहरिया
(C) गरासिया ✓
(D) मीणा

Q.3

अक्षय तृतीया का त्यौहार कब मनाया जाता है?

(A) वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को ✓
(B) ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को
(C) वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की तृतीया को
(D) आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को

Q.4

लोक गायकी की 'चार बैत' शैली राजस्थान के किस नगर में प्रचलित रही है?

(A) टोंक ✓
(B) जयपुर
(C) अलवर
(D) बीकानेर

Q.5

निम्न में से कौन सी रचना कान्हड़ देव और अलाउद्दीन खिलजी के आपसी संबंधों की जानकारी देती है?

(A) सुर्जन चरित्र
(B) वीरमदेव सोनगरा री बात ✓
(C) पद्मावत
(D) एकलिंग महात्मय

Q.6

बीसलदेव रासो की रचना किसने की थी?

(A) चन्दबरदाई
(B) महेशदास
(C) सूर्यमल्ल मिश्रण
(D) नरपति नाल्ह ✓

Q.7

दादू पंथ की मुख्य गद्दी (गादी) __ में स्थित है।

(A) नरैना ✓
(B) गोगामेड़ी
(C) सांभर
(D) डीडवाना

Q.8

भारतीय राज्य के राज्यपाल के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(A) उनकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
(B) वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।
(C) वह पाँच साल की अवधि के लिए पद पर रहता है।
(D) यदि संबंधित राज्य की विधानमंडल उसे हटाने के लिए प्रस्ताव पारित करती है तो उसे पहले भी हटाया जा सकता है। ✓

Q.9

किस संविधान संशोधन के तहत एक ही व्यक्ति को दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल बनाया जा सकता है ?

(A) 5वाँ संविधान संशोधन
(B) 7वाँ संविधान संशोधन ✓
(C) 10वाँ संविधान संशोधन
(D) 25वाँ संविधान संशोधन

Q.10

मण्डन द्वारा निम्नलिखित किन पुस्तकों की रचना की गयी थी ?
(i) राजवल्लभ
(ii) रूपावतार
(iii) देवमूर्ति प्रकरण
(iv) वास्तुसार

(A) (i), (ii), (iii) एवं (iv) ✓
(B) (i), (iii) एवं (iv)
(C) (ii) एवं (iii)
(D) (iii) एवं (iv)

Q.11

राजस्थान के मुख्यमंत्री के अपने प्रथम कार्यकाल के दौरान, श्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री का पद निम्न में से किस तारीख को संभाला था?

(A) 1 दिसम्बर, 1998 ✓
(B) 2 दिसम्बर, 1998
(C) 3 दिसम्बर, 1998
(D) 12 दिसम्बर, 1998

Q.12

राजस्थान की 15वीं विधानसभा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित निर्वाचन-क्षेत्रों में से कितने महिला सदस्य निर्वाचित हुई हैं ?

(A) 7 अनुसूचित जाति से और 4 अनुसूचित जनजाति से
(B) 9 अनुसूचित जाति से और 2 अनुसूचित जनजाति से
(C) 6 अनुसूचित जाति से और 5 अनुसूचित जनजाति से
(D) 8 अनुसूचित जाति से और 3 अनुसूचित जनजाति से ✓

Q.13

निम्नलिखित में से किसने सबसे कम कार्यकाल के लिए राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का पद संभाला ?

(A) जस्टिस एस. सगीर अहमद
(B) जस्टिस सुश्री कांता भटनागर ✓
(C) जस्टिस प्रकाश टाटिया
(D) जस्टिस अमर सिंह गोदारा

Q.14

निम्न में से कौन सबसे कम अवधि तक राजस्थान का मुख्यमंत्री रहा ?

(A) टीकाराम पालीवाल
(B) बरकतुल्ला खान
(C) हीरालाल देवपुरा ✓
(D) जगन्नाथ पहाड़िया

Q.15

सबसे छोटे कार्यकाल वाले राजस्थान के मुख्य सचिव हैं :

(A) राजीव स्वरूप
(B) एन.सी. गोयल
(C) निरंजन कुमार आर्य
(D) सी.के. मैथ्यू

Q.16

पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 14 के अनुसार 4 लाख की जनसंख्या वाली जिला परिषद में कितने सदस्य निर्वाचित होंगे ?

(A) 22
(B) 13
(C) 25
(D) 17

Q.17

निम्न में से किस वर्ष राजस्थान पंचायती राज अधिनियम में संशोधन नहीं हुआ ?

(A) 1999
(B) 2000
(C) 2002
(D) 2004

Q.18

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) ने सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों की समझ बढ़ाने हेतु किस विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये ?

(A) हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय
(B) राजस्थान विश्वविद्यालय
(C) जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
(D) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय

Q.19

आरपीएससी (RPSC) के निम्नलिखित अध्यक्षों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें :

A. डॉ. बी.एल. रावत
B. डॉ. दीन दयाल
C. राम सिंह चौहान
D. डॉ. एस.एस. टाक

सही विकल्प का चयन करें :

(A) BDCA
(B) ACBD
(C) CADB
(D) DBAC

Q.20

निम्नलिखित में से कौन सा कार्यक्रम राजस्थान के सरकारी स्कूलों में माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को उनके करियर लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उपयुक्त विषय संकायों का चयन करने में मदद करने के लिए शुरू किया जा रहा है ?

(A) डायल फ्यूचर ✓
(B) मुस्कान कार्यक्रम (स्माइल प्रोग्राम)
(C) आपका अगला कदम (योर नेक्स्ट स्टेप)
(D) स्मार्ट शाला

Q.21

2023 में जल जीवन मिशन कनेक्शन में राजस्थान का क्या स्थान है ?

(A) 10वाँ
(B) 12वाँ ✓
(C) 14वाँ
(D) 16वाँ

Q.22

राज्य के निम्नलिखित में से कौन से जिलों में स्थित धार्मिक स्थलों में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में राजस्थान सरकार ने ₹ 13.48 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है ?

(A) नागौर, जैसलमेर और अलवर ✓
(B) नागौर, अजमेर और बीकानेर
(C) झालावाड़, राजसमंद और उदयपुर
(D) सिरोही, भीलवाड़ा और डूंगरपुर

Q.23

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने राजस्थान के किस जिले में 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' को 'गोद भराई' समारोह के रूप में मनाने की नई पहल की सराहना की है ?

(A) जयपुर
(B) दौसा ✓
(C) जोधपुर
(D) अजमेर

Q.24

राजीव गाँधी ग्रामीण और शहरी ओलंपिक खेल 2023 में क्रमशः कितने-कितने खेलों को शामिल किया गया ?

(A) 4-5
(B) 5-7
(C) 6-6
(D) 7-7 ✓

Q.25

हाल ही में राजस्थान क्रीड़ा परिषद द्वारा 63वाँ केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किस स्थान पर किया गया ?

(A) माउण्ट आबू ✓
(B) जोधपुर
(C) बीकानेर
(D) सीकर

Q.26

हाल ही में दिल्ली में आयोजित हुई 11वीं भारतीय ओपन चैम्पियनशिप में राजस्थान की अनुया प्रसाद ने 10 मीटर एयर पिस्टल डैफ वुमन कैटेगरी में कौन सा मेडल जीता है ?

(A) स्वर्ण पदक ✓
(B) रजत पदक
(C) कांस्य पदक
(D) कोई पदक नहीं

Q.27

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित 66वें नेशनल स्कूल गेम्स में राजस्थान के प्रणय चोरड़िया और युक्ति हर्ष ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते हैं । उन्होंने ये पदक किस खेल में जीते हैं ?

(A) बैडमिण्टन
(B) शतरंज ✓
(C) निशानेबाजी
(D) तैराकी

Q.28

राजस्थान सरकार ने असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत सक्रिय श्रमिकों एवं स्ट्रीट वेंडर्स को किस योजना के तहत आर्थिक राहत पहुँचाने का बड़ा निर्णय लिया है ?

(A) मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना
(B) मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी योजना
(C) चिरंजीवी श्रमिक संबल योजना ✓
(D) चिरंजीवी बीमा योजना

Q.29

दबाव पेटियों के मौसमी स्थानान्तरण के कारण पछुआ पवनें

(A) गर्मियों में ध्रुवों की ओर एवं सर्दियों में विषुवत रेखा की ओर सरकती हैं। ✓

(B) गर्मियों में विषुवत रेखा की ओर एवं सर्दियों में ध्रुवों की ओर सरकती हैं।

(C) कर्क रेखा की ओर सरकती हैं।

(D) मकर रेखा की ओर सरकती हैं।

Q.30

'पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है

(A) 22 अप्रैल ✓

(B) 5 अप्रैल

(C) 22 मई

(D) 2 फरवरी

Q.31

निम्नलिखित में से किस देश का 2023 में जनसंख्या घनत्व न्यूनतम था?

(A) ऑस्ट्रेलिया ✓

(B) रूस

(C) यूक्रेन

(D) सियरा लियोन

Q.32

विश्व युवा रिपोर्ट 2005 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा युवा जीवन पर वैश्वीकरण का प्रभाव नहीं है?

(A) प्रवास

(B) युवा संस्कृति

(C) वैश्विक नागरिकता

(D) वस्तुओं की सर्व उपलब्धता ✓

Q.33

नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही युग्म का चयन कीजिए :

महासागर	**सीमावर्ती सागर**
A. प्रशान्त	कोरल सागर
B. हिन्द	बण्डा सागर
C. आर्कटिक	कारा सागर
D. अटलाण्टिक (अन्ध)	बेरिंग सागर

कूट :

(A) A, C और D

(B) B और C

(C) A और C ✓

(D) C और D

Q.34

नर्मदा और तापी की घाटियों के मध्य कौन सी श्रेणी स्थित है ?

(A) रायलसीमा
(B) सह्याद्री
(C) विन्ध्यन
(D) सतपुड़ा ✓

Q.35

अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में अधिकांशत किस प्रकार के वन पाए जाते हैं ?

(A) आर्द्र शीतोष्ण वन
(B) नम उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन
(C) उष्ण-कटिबंधीय सदाबहार वन ✓
(D) उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझड़ वन

Q.36

गलत युग्म चुनिए :

(क्षेत्र)	(ऊर्जा संसाधन)
नाहरकटिया	गैस
झरिया	कोयला
आलियाबैट	तेल
मोरन हुगरीजन	कोयला

(A) नाहरकटिया - गैस
(B) झरिया - कोयला
(C) आलियाबैट - तेल
(D) मोरन हुगरीजन - कोयला ✓

Q.37

मानसूनी वर्षा में क्षेत्रीय भिन्नता सहायक है

(A) विभिन्न प्रकार की फसलें उगाने में ✓
(B) तापमान बढ़ाने में
(C) भूमि की क्षमता बढ़ाने में
(D) सूखा शमन में

Q.38

कोंकण, कनारा और मलाबार उप-प्रदेश हैं

(A) पश्चिमी घाट के
(B) पूर्वी तटीय मैदान के
(C) गुजरात तटीय मैदान के
(D) पश्चिमी तटीय मैदान के ✓

Q.39

निम्न में से कौन से बजट में सरकार ने घोषणा की कि भारत में कृषकों को उनकी उत्पादन लागत से कम से कम डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जायेगा ?

(A) संघीय बजट 2018-19 में ✓
(B) संघीय बजट 2019-20 में
(C) संघीय बजट 2020-21 में
(D) संघीय बजट 2021-22 में

Q.40

भारत में निम्न में से कौन सी संस्था भारतीय निर्यातकों और बैंकों को निर्यात साख बीमा सेवायें प्रदान करती हैं ?

(A) निर्यात साख गारण्टी निगम ✓
(B) निर्यात साख बीमा निगम
(C) विदेशी व्यापार का भारतीय संस्थान
(D) वाणिज्यिक मंत्रालय का विदेश व्यापार विभाग

Q.41

राष्ट्रीय रसद नीति, 2022 के लक्ष्यों के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

कथन (A) : वर्ष 2030 तक भारत में लॉजिस्टिक्स की लागत को घटाकर वैश्विक बेंचमार्क के करीब लाना।
कथन (B) : वर्ष 2030 तक लॉजिस्टिक परफोरमेन्स इन्डेक्स के सर्वोच्च 25 देशों में भारत को लाना।

(A) कथन (A) सही है।
(B) कथन (B) सही है।
(C) (A) और (B) दोनों सही हैं। ✓
(D) ना तो (A) और ना ही (B) सही है।

Q.42

भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रमों के कागज विहीन व शून्य लागत पर रजिस्ट्रेशन के लिये निम्न में से कौन सा पोर्टल शुरू किया गया है ?

(A) समाधान पोर्टल
(B) उद्यम पोर्टल ✓
(C) चैम्पियन्स पोर्टल
(D) रेम्प पोर्टल

Q.43

भारत शासन अधिनियम, 1935 के तहत महासंघ में अवशिष्ट शक्तियाँ दी गई :

(A) प्रांतीय विधानमंडल
(B) प्रांतीय गवर्नर
(C) गवर्नर जनरल ✓
(D) संघीय विधायिका

Q.44

भारत सरकार अधिनियम, 1919 के तहत भारतीय जनसंख्या के किस वर्ग को वोट देने का अधिकार दिया गया था ?

(A) भारत के सभी नागरिकों
(B) भारत में रहने वाले केवल ब्रिटिश नागरिकों
(C) केवल वे पुरुष जो कुछ निश्चित संपत्ति और शैक्षिक योग्यताएँ पूरी करते हों ✓
(D) केवल वे महिलाएँ जो कुछ निश्चित संपत्ति और शैक्षिक योग्यताएँ पूरी करती हों

Q.45

भारत में प्रेस की स्वतंत्रता है -

(A) संविधान में विशेष रूप से प्रदान किया गया है।
(B) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में निहित है। ✓
(C) संसद के अधिनियमों के तहत उपलब्ध है।
(D) कार्यकारी आदेशों के तहत उपलब्ध है।

Q.46

भारतीय राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए 'निर्यात तत्परता सूचकांक' (Export Preparedness Index) कौन तैयार करता है?

(A) विदेश मंत्रालय
(B) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(C) वित्त आयोग, भारत सरकार
(D) नीति आयोग एवं प्रतिस्पर्धात्मकता संस्थान ✓

Q.47

संविधान सभा में निर्णय निम्न में से किस आधार पर लिए गए ?

(A) सर्वसम्मति से
(B) बहुमत से
(C) सहमति और रजामंदी से ✓
(D) अल्पमत से

Q.48

निम्न में से किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि संवैधानिक संशोधन भी भारत के संविधान के अनुच्छेद 13 के अधीन विधि है, जिन्हें मूल अधिकारों से असंगत होने पर शून्य घोषित किया जा सकता है ?

(A) गोलकनाथ मामला ✓
(B) केशवानंद भारती मामला
(C) मिनर्वा मिल्स मामला
(D) मेनका गांधी मामला

Q.49

भारतीय संविधान का कौन सा भाग राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों से संबंधित है ?

(A) भाग - III
(B) भाग - II
(C) भाग - V
(D) भाग - IV ✓

Q.50

भारत के राष्ट्रपति की चुनाव पद्धति क्या है-

(A) एक व्यक्ति एक मत
(B) प्रत्यक्ष निर्वाचन
(C) लिस्ट सिस्टम
(D) आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा ✓

Q.51

संविधान सभा के सदस्यों को निम्न में से किसने प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित किया ?

(A) प्रांतों की जनता ने
(B) प्रांतों की विधानसभा ने ✓
(C) संघीय व्यवस्थापिका ने
(D) प्रांतीय और संघीय व्यवस्थापिका ने

Q.52

2019 के आम चुनावों में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रत्याशी कुल कितने स्थानों पर विजयी हुए ?

(A) 405
(B) 272
(C) 342
(D) 397 ✓

Q.53

CII और FICCI हैं :

(A) दबाव समूह ✓
(B) राजनीतिक दल
(C) परमाणु संधि
(D) आतंकवादी संगठन

Q.54

किस ऐतिहासिक दिन, भारत और चीन के बीच पंचशील समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे ?

(A) 26 अप्रैल, 1954
(B) 27 अप्रैल, 1954
(C) 29 अप्रैल, 1954 ✓
(D) 30 अप्रैल, 1954

Q.55

प्रसिद्ध पुस्तक 'ट्वाइलाइट इन चाइना' किसके द्वारा लिखी गई ?

(A) के.पी.एस. मेनन ✓
(B) के.एम. पनिक्कर
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) के. नटवर सिंह

Q.56

निम्नलिखित में से कौन संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा की अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला थीं ?

(A) अरुणा आसफ अली
(B) सरोजिनी नायडू
(C) विजया लक्ष्मी पंडित ✓
(D) एनी बिसेंट

Q.57

लोकसभा का नेता कौन है ?

(A) राष्ट्रपति
(B) प्रधानमन्त्री ✓
(C) लोकसभा अध्यक्ष
(D) उपराष्ट्रपति

Q.58

निम्नलिखित में से कौन से कथन शिक्षा मनोविज्ञान के महत्त्व के संदर्भ में सही है ?\n(a) यह विद्यार्थियों के व्यवहार में उचित परिवर्तन लाने में सहायता करता है।\n(b) यह शिक्षकों में शैक्षिक समस्याओं को सुलझाने के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति विकसित करता है।\n(c) यह शिक्षकों को, विद्यार्थियों की वैयक्तिक विभिन्नताओं को नजरअंदाज करने हेतु प्रेरित करता है।\n(d) यह शिक्षकों को स्वयं को समझने में मदद करता है।\n\n**कूट :**\nसही कूट का चयन कीजिए :

(A) (a) एवं (b)
(B) (a) एवं (d)
(C) (a), (b) एवं (d) ✓
(D) (a), (b), (c) एवं (d)

Q.59

निम्नलिखित में से कौन सी, शिक्षा मनोविज्ञान की विशेषता नहीं है ?

(A) शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य केन्द्र दर्शनशास्त्र का अध्ययन करना है। ✓
(B) शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य केन्द्र मानव व्यवहार है।
(C) शिक्षा मनोविज्ञान शैक्षिक परिस्थिति में मानव व्यवहार का अध्ययन करता है।
(D) शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षण अधिगम प्रक्रिया हेतु सरल मार्ग प्रशस्त करता है।

Q.60

31 अगस्त, 1989 को कौन सी संधि पर हस्ताक्षर हुए थे ?

(A) जर्मनियों के एकीकरण की संधि ✓
(B) आंशिक परीक्षण निषेध संधि
(C) आणविक अप्रसार संधि
(D) आई.आर.बी.एम. संधि

Q.61

जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त की कौन सी अवस्था में विद्यार्थी "वस्तुओं या क्रियाओं की प्रतिवर्त्यता" को समझने लगता है ?

(A) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था ✓
(B) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था
(C) अंत:प्रज्ञ अवस्था
(D) पूर्व संप्रत्ययात्मक विचार अवस्था

Q.62

कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धान्तानुसार, परंपरागत नैतिकता के अन्तर्गत आने वाली नैतिक अवस्थाओं के सही कूट का चयन कीजिए :

(a) दण्ड एवं आज्ञाकारिता
(b) सामाजिक अनुबंध
(c) अच्छे अन्त:वैयक्तिक संबंध
(d) सार्वत्रिक नीतिपरक सिद्धान्त

(A) (a) एवं (c)
(B) केवल (b)
(C) केवल (c) ✓
(D) (a) एवं (d)

Q.63

अधिगमकर्त्ता के विकास के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(a) विकास पूर्वानुमानित है।
(b) विकास अंश से संपूर्ण की ओर बढ़ता है।
(c) विकास रेखीय पथ पर आगे बढ़ता है।
(d) विकास के सभी आयाम समन्वित होते हैं।

(A) केवल (a) एवं (c) सही
(B) केवल (a) एवं (d) सही ✓
(C) केवल (a), (b) एवं (c) सही
(D) (a), (b), (c) एवं (d) सही

Q.64

बण्डूरा के अनुसार, "लोग बार-बार दण्ड प्राप्त करने वाले मॉडल की बजाए उस मॉडल को चुनना अधिक पसन्द करते हैं जो अच्छे परिणाम देने में प्रवीण हो।" इस कथन में अवलोकनात्मक अधिगम की कौन सी प्रक्रिया सम्मिलित है?

(A) धारणात्मक
(B) उत्पादन
(C) अवधानात्मक
(D) अभिप्रेरणात्मक ✓

Q.65

अधिगम के केन्द्रीय विचार नीचे दिये जा रहे है-

(a) अधिगमकर्त्ता अपने ज्ञान के निर्माण हेतु सक्रिय रहते हैं।
(b) ज्ञान निर्माण प्रक्रिया में सामाजिक अन्तः क्रिया महत्त्वपूर्ण होती है।

उपरोक्त दो केन्द्रीय विचारों के आधार पर, निर्मितवादी अधिगम के सन्दर्भ में कौन सा विकल्प सही है ?

(A) केवल (a) आवश्यक है।
(B) केवल (b) आवश्यक है।
(C) (a) एवं (b) दोनों आवश्यक हैं ✓
(D) (a) एवं (b) दोनों आवश्यक नहीं हैं।

Q.66

निम्नलिखित में से कौन सी अधिगम की सही विशेषता नहीं है?

(A) अधिगम उद्देश्यपूर्ण होता है।
(B) अधिगम का मापन निष्पादन के आधार पर होता है।
(C) अधिगम से नयी क्रियाओं का अर्जन होता है और पुरानी क्रियाओं में परिमार्जन होता है।
(D) 'थकान, परिपक्वता इत्यादि से होने वाले परिवर्तन को अधिगम कहा जा सकता है। ✓

Q.67

व्यक्तित्व आकलन के लिए निम्नलिखित में से कौन सा परिस्थिति परीक्षण का उदाहरण नहीं है ?

(A) समाजमिति
(B) साइकोड्रामा
(C) सैन्य स्थिति परीक्षण
(D) एम एम पी आई ✓

Q.68

एक वृद्ध व्यक्ति हमेशा अपने पूर्व के जीवन की सफल उपलब्धियों के बारे में बताता रहता है। समायोजन क्रियाविधि का यह उदाहरण निम्नलिखित में से कौन सी अहं रक्षा युक्ति से सम्बन्धित है ?

(A) प्रतिदमन
(B) प्रतिगमन ✓
(C) युक्तिकरण
(D) उदात्तीकरण

Q.69

जोड़ों को मिलाइये (परीक्षण एवं उनके निर्माताओं के अनुसार) :

समूह-A	समूह-B
a. पास अलॉग परीक्षण	i. टर्मन
b. संस्कृति मुक्त परीक्षण	ii. एलेक्जेण्डर
c. सम्मिलन सिद्धान्त	iii. कैटल
d. आई.क्यू.	iv. जेजॉन्क

उपरोक्त जोड़ों को सही रूप में मिलाकर उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(B) a-ii, b-iii, c-iv, d-i ✓
(C) a-ii, b-iv, c-i, d-iii
(D) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

Q.70

जुंग (युंग) के अनुसार व्यक्तित्व की टाइपोलॉजी (प्ररूपविज्ञान) में समाजसेवी, राजनीतिज्ञ और व्यापार प्रबन्धक (एक्जिक्यूटिव) निम्न में श्रेणीबद्ध किये जा सकते हैं -

(A) अन्तर्मुखी
(B) मध्यमुखी
(C) उभयमुखी
(D) बहिर्मुखी ✓

Q.71

एक व्यक्ति अपने स्वयं को समझने और प्रभावी रूप से अपने जीवन को निर्देशित करने की योग्यता रखता है। गार्डनर के अनुसार व्यक्ति, निम्नलिखित में से किस प्रकार का फ्रेम ऑफ माइण्ड (मन की रूपरेखा) रखता है ?

(A) अन्तःवैयक्तिक कौशल
(B) अन्तरा-वैयक्तिक (अंतर्वैयक्तिक) कौशल ✓
(C) शारीरिक क्रियात्मक कौशल
(D) अस्तित्वपरक कौशल

Q.72

निम्नलिखित में से कौन सा अभिप्रेरणा का परिप्रेक्ष्य विद्यार्थी के व्यक्तिगत विकास, उसके अपने भाग्य चयन की स्वतंत्रता और सकारात्मक गुणों की क्षमता पर बल देता है?

(A) व्यवहारवादी
(B) संज्ञानात्मक
(C) सामाजिक
(D) मानवतावादी ✓

Q.73

एक विद्यार्थी एक कोर्स के परीक्षण में अच्छे ग्रेड प्राप्त करने के लिए कठिन/परिश्रमपूर्वक अध्ययन करता है। यह उदाहरण है

(A) उच्च सर्जनात्मकता का
(B) अच्छी आदत का
(C) उच्च बुद्धि का
(D) बाह्य अभिप्रेरणा का ✓

Q.74

निम्नलिखित में से कौन सा बी.के. पासी द्वारा निर्मित सर्जनात्मकता परीक्षण का उप-परीक्षण नहीं है ?

(A) समस्या अवलोकन परीक्षण
(B) सामान्य उपयोग परीक्षण ✓
(C) परिणाम परीक्षण
(D) जिज्ञासा परीक्षण

Q.75

प्रतिभाशाली बालकों को स्कूल में सफलता के लिए प्रोत्साहित करने के सर्वोत्तम तरीके के बारे में अनुसंधान सुझाते हैं कि -

(A) स्वयं के लिए अधिगम से प्रेम करने हेतु प्रोत्साहित करना। ✓
(B) उन्हें उनके माता-पिता की उच्च आकांक्षाओं की याद दिलाना।
(C) पुरस्कार के लिए प्रतियोगिता प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना।
(D) जहाँ तक संभव हो सके उन्हें सहपाठी शिक्षक नियुक्त करना।

Q.76

एक व्यक्ति की एक उत्पाद के प्रति अभिवृत्ति लक्षित के वस्तुनिष्ठ गुणों के बारे में उसके विश्वासों पर आधारित है। अभिवृत्ति का यह घटक है -

(A) मूल्य
(B) संज्ञानात्मक ✓
(C) भावात्मक
(D) व्यवहारात्मक

Q.77

अपने स्वयं को अपने आंतरिक विचारों, भावनाओं और क्रियाओं के रूप में परिभाषित करने का एक तरीका आत्म-प्रत्यय का दृष्टिकोण है -

(A) सामाजिक
(B) अन्तःनिर्भर
(C) स्वतन्त्र ✓
(D) आश्रित

Q.78

यदि वैयक्तिक भिन्नताओं का प्रसामान्य वितरण वक्र बनाया जाये तो कितने प्रतिशत लोग $M \pm 1\sigma$ की सीमा के बीच पाये जायेंगे ?

(A) 98.26%
(B) 68.26% ✓
(C) 70.14%
(D) 65.42%

Q.79

निम्नलिखित में से राजस्थान के जिलों का कौन सा समूह दक्षिण पश्चिम मानसून से औसत वर्षा की मात्रा के अनुसार आरोही क्रम में सही ढंग से व्यवस्थित है?

(A) जयपुर, हनुमानगढ़, बूंदी, बाँसवाड़ा
(B) हनुमानगढ़, जयपुर, बूंदी, बाँसवाड़ा ✓
(C) बूंदी, हनुमानगढ़, जयपुर, बाँसवाड़ा
(D) बाँसवाड़ा, बूंदी, जयपुर, हनुमानगढ़

Q.80

निम्नलिखित में से कौन सी नदियों का उद्गम मध्यप्रदेश में है?

A. कालीसिंध
B. बेड़च
C. पार्वती
D. बाणगंगा

(A) A और C सही हैं। ✓
(B) A और B सही हैं।
(C) C और D सही हैं।
(D) B और D सही हैं।

Q.81

निम्नलिखित में से राजस्थान में किस प्रकार के वन सर्वाधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं?

(A) मिश्रित पतझड़ी वन
(B) उष्णकटिबंधीय काँटेदार वन
(C) शुष्क सागवान वन ✓
(D) खैर वन

Q.82

आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, वर्ष 2021-22 में देश में मूँगफली उत्पादन में राजस्थान का कौन सा स्थान था?

(A) पहला
(B) दूसरा ✓
(C) तीसरा
(D) चौथा

Q.83

राजस्थान में स्थित 'वागड़' नामक उबड़-खाबड़ सतह एवं विच्छेदित स्थलाकृति किस नदी कार्य के द्वारा निर्मित है?

(A) बनास
(B) लूनी
(C) चंबल
(D) माही ✓

Q.84

जनगणना 2011 के अनुसार, 2001 से 2011 तक सर्वाधिक शहरी दशकीय परिवर्तन दर (%) राजस्थान के निम्नलिखित किस जिले में पायी गयी ?

(A) जैसलमेर
(B) अलवर ✓
(C) जयपुर
(D) कोटा

Q.85

कौन सा सुमेलित नहीं है ?

उद्योग	स्थिति
हाई टेक ग्लास	धौलपुर
सफेद सीमेण्ट	निम्बाहेड़ा
टायर-ट्यूब	अलवर
पॉलीमर	शाहपुरा

(A) हाई टेक ग्लास - धौलपुर
(B) सफेद सीमेण्ट - निम्बाहेड़ा
(C) टायर-ट्यूब - अलवर
(D) पॉलीमर - शाहपुरा ✓

Q.86

गलत युग्म चुनिए :

(A) सलीम सिंह जी की हवेली - जैसलमेर
(B) जसवंत थड़ा - जोधपुर
(C) अरथूना मंदिर - डूंगरपुर ✓
(D) त्रिपुरा सुंदरी मंदिर - बाँसवाड़ा

Q.87

उन जिलों के समूह का चयन कीजिए जहाँ 2011 की जनगणना के अनुसार, कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 60% से अधिक था।

(A) बाँसवाड़ा, डूंगरपुर तथा उदयपुर
(B) बाँसवाड़ा, डूंगरपुर तथा प्रतापगढ़ ✓
(C) डूंगरपुर, उदयपुर तथा प्रतापगढ़
(D) डूंगरपुर, उदयपुर तथा दौसा

Q.88

खेरी तथा लोही नस्लें हैं :

(A) क्रमशः भेड़ तथा ऊँट की
(B) क्रमशः ऊँट तथा भेड़ की
(C) क्रमशः बकरी तथा भेड़ की
(D) क्रमशः भेड़ तथा बकरी की ✓

Q.89

किस अभिलेख में प्रतिहारों को सौमित्र (लक्ष्मण) से उद्भूत हुआ कहा गया है ?

(A) ग्वालियर अभिलेख ✓
(B) जोधपुर अभिलेख
(C) उज्जैन अभिलेख
(D) कन्नौज अभिलेख

Q.90

ललित-विग्रह राज नाटक का लेखक सोमदेव किस चौहान शासक का राजकवि था ?

(A) पृथ्वीराज I
(B) अर्णोराज
(C) जगदेव
(D) विग्रहराज IV ✓

Q.91

सुलतान अलाउद्दीन खिलजी का सेनापति जो रणथम्भौर के किले की घेराबंदी के समय मारा गया था -

(A) उलुघ खाँ
(B) जलाल खाँ
(C) नुसरत खाँ ✓
(D) मुहम्मद खाँ

Q.92

किस इतिहासकार ने हल्दीघाटी के युद्ध को गोगुन्दा के युद्ध के नाम से पुकारा है ?

(A) अब्दुल कादिर बदायूँनी ✓
(B) कर्नल जेम्स टॉड
(C) अबुल फजल
(D) निजामुद्दीन अहमद

Q.93

1857 के स्वतन्त्रता संघर्ष के समय मेवाड़ का पॉलिटिकल एजेण्ट था -

(A) मेजर शॉवर्स ✓
(B) कर्नल ईडन
(C) कर्नल मैलीसन
(D) मेजर मैकमैसन

Q.94

निम्नलिखित में से किस पुरास्थल के निवासी वस्त्र-बुनाई की तकनीक से परिचित थे ?

(A) बालाथल
(B) गणेश्वर
(C) बैराठ ✓
(D) कालीबंगा

Q.95

चांदकरण शारदा और हरबिलास शारदा राजस्थान में किस संस्था से संबंधित थे ?

(A) सम्प सभा
(B) आर्य समाज ✓
(C) इंडियन एसोसिएशन
(D) महाजन सभा

Q.96

1911 एवं 1912 ई. में गोविन्द गुरु की गतिविधियों का केन्द्र __ था।

(A) ईडर
(B) सूँथ
(C) बेडसा ✓
(D) खेड़ा

Q.97

मत्स्य संघ का बृहत् राजस्थान में विलय कब हुआ ?

(A) 15 मई, 1949 ✓
(B) 18 मार्च, 1948
(C) 18 अप्रैल, 1948
(D) 30 मार्च, 1949

Q.98

निम्नलिखित में से कौन सा दुर्ग कोशवर्द्धन दुर्ग के नाम से भी जाना जाता है ?

(A) अलवर का बाला दुर्ग
(B) शेरगढ़ दुर्ग ✓
(C) तवनगढ़ दुर्ग
(D) सिवाना दुर्ग

Q.99

लोक देवता हरभूजी का मुख्य मन्दिर कहाँ स्थित है ?

(A) साबला में
(B) सामलिया में
(C) कोलू में
(D) बेंगटी में ✓

Q.100

1942 में किस सत्याग्रही की जोधपुर जेल में भूख हड़ताल के दौरान मृत्यु हो गयी थी ?

(A) बालमुकुन्द बिस्वा ✓

(B) शिवकरण थानवी

(C) गोपाल लाल पुरोहित

(D) तारक प्रसाद



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in